रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3404] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, दिसम्बर 14, 2017/अग्रहायण 23, 1939
No. 3404] NEW DELHI, THURSDAY, DECEMBER 14, 2017/AGRAHAYANA 23, 1939

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 13 दिसम्बर, 2017

का.आ. 3880(अ).—अधिसूचना का निम्नलिखित प्रारुप, जिसे केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) तथा उपधारा (3) के साथ पठित उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जारी करने का प्रस्ताव करती है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) की अपेक्षानुसार, जनसाधारण की जानकारी के लिए, प्रकाशित किया जाता है; जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है, और यह सूचित किया जाता है कि उक्त प्रारूप अधिसूचना पर, उस तारीख से, जिसको इस अधिसूचना को अंतर्विष्ट करने वाले भारत के राजपत्र की प्रतियां जनसाधारण को उपलब्ध करा दी जाती हैं, साठ दिन की अवधि की समाप्ति पर या उसके पश्चात् विचार किया जाएगा ;

ऐसा कोई व्यक्ति, जो प्रारूप अधिसूचना में अंतर्विष्ट प्रस्तावों के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव देने का इच्छुक है, वह इस प्रकार विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर, केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार किए जाने के लिए, अपनी आपत्ति या सुझाव सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली-110003 को या ई-मेल esz-mef@nic.in पर लिखित रूप में भेज सकता है।

प्रारूप अधिसूचना

और, कस्तूरी मृग और अन्य दुर्लभ, लुप्तप्राय और महत्वपूर्ण जैविक विविधता की सुरक्षा और संरक्षण के मुख्य उद्देश्य से उत्तर प्रदेश (अब उत्तराखण्ड) के चमोली और रूद्रप्रयाग जिले में फैला 975.2 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को सरकारी आदेश सं. 14/14-3, दिनांक 21 जनवरी, 1972 के द्वारा केदारनाथ कस्तूरी मृग अभयारण्य घोषित किया गया था;

और, केदारनाथ कस्तूरी मृग अभयारण्य के वनों के अंतर्गत भारत के चैंपियन और सेठ वन प्रकार के अनुसार, 9 उप-उष्णकटिबंधीय देवदार वन, 12 हिमालयी आर्द्र मध्यम वन, 14 उप अल्पाइन वन, 15 आर्द्र अल्पाइन झाड़ी वन प्रकार शामिल हैं और यहां प्रचुर वनस्पति और जीवजंतु विविधता विद्यमान है। यह अलकनंदा, मंदाकिनी, काली मधुगंगा, बिआरा,

बालासुति और मेना नदियों ऊपरी गंगा तथा नदी घाटी जैसी महत्वपूर्ण नदियों का आवाह क्षेत्र है, और इस प्रकार यह इस क्षेत्र के जल-स्तर के पुन: भरण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है;

और, अभयारण्य की जैविक संपदा की बेहतर सुरक्षा और संरक्षण के लिए अभयारण्य के निकटतम क्षेत्र में इस तरह के मानवीय क्रियाकलापों पर प्रतिबंध लगाना आवश्यक है;

और, केदारनाथ कस्तूरी मृग अभयारण्य के क्षेत्र में केदारनाथ, मदमाहेश्वर, तुंगनाथ, रूद्रनाथ, कालीमठ, अनसूया देवी और क्षेत्रीय देवताओं के मंदिर होने के कारण बड़ी संख्या में धार्मिक लोग इस अभयारण्य को देखने आते हैं और इससे अभयारण्य की सामान्य पारिस्थितिकी गतिशीलता पर प्रभाव डालने वाले मानव जनित क्रियाकलापों में वृद्धि होती हैँ, अत: पारिस्थितिकी और पर्यावरणीय के दृष्टिकोण से केदारनाथ कस्तूरी मृग अभयारण्य के संरक्षित क्षेत्र के आस पास के क्षेत्र को सुरक्षित और संरक्षित करना आवश्यक है;

अतः अब, इसमें पारिस्थितिकी, पर्यावरणीय, जीवजंतु, वनस्पति, भौगोलिक एवं प्राणी संघ या महत्त्व के कारण उसमें वन्यजीवों या उसके पर्यावरण के संरक्षण, संवर्धन या विकास के उद्देश्य से केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) के साथ पठित उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के अनुसार **केदारनाथ कस्तूरी मृग अभयारण्य** के क्षेत्र, जिसकी अवस्थिति और सीमा इस अधिसूचना की अनुसूची में विनिर्दिष्ट हैं, को **"पारिस्थितिकी संवेदी जोन"** (जिसे इसमें इसके बाद पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और सीमा**--(क) केदारनाथ कस्तूरी मृग अभयारण्य अक्षांश 30°25' उ से 30°45 उ और देशांतर 78°54' पू से 79°27' पू के बीच फैला हुआ है। प्रशासनिक दृष्टि से यह उत्तराखंड के रूद्रप्रयाग और चमौली जिलों में स्थित है। यह उत्तर में गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान, पश्चिम में टिहरी वन संभाग, दक्षिण में रूद्रप्रयाग वन संभाग और पूर्व में नंदादेवी राष्ट्रीय उद्यान से घिरा हुआ है।

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार शून्य (गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान के समीपवर्ती उत्तरी भाग) से 11.60 किलोमीटर तक है। पारिस्थितिकी संवेदी जोन का परिधीय क्षेत्र 451.15 वर्ग किलोमीटर है।

(ग) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र, सीमा वर्णन और निर्देशांक **उपाबंध I** के रुप में संलग्न है ।

(घ) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध II** के रुप में संलग्न है ।

2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना.–(1)राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए राजपत्र में अंतिम अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के लिए एक आंचलिक महायोजना तैयार करेगी।

(2) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट रीति से राज्य सरकार द्वारा प्रासंगिक केंद्रीय और राज्य विधियों तथा केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देशों, यदि कोई हों, के अनुरूप तैयार की जाएगी ।

(3) आंचलिक महायोजना, पारिस्थितिकी और पर्यावरणीय संबंधी सरोकारों को समाकलित करने के लिए राज्य सरकार के निम्नलिखित विभागों के परामर्श से तैयार की जाएगी, अर्थात्:--

i. पर्यावरण;

ii. वन और वन्यजीव;

iii. कृषि;

iv. राजस्व;

v. शहरी विकास;

vi. पर्यटन;

vii. ग्रामीण विकास;

viii. सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण;

ix. नगरपालिका;

x. पंचायती राज;

xi. लोक निर्माण विभाग।

(4) जब तक इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, आंचलिक महायोजना में वर्तमान में अनुमोदित भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा तथा आचंलिक महायोजना में सभी प्रकार की अवसंरचनाओं और क्रियाकलापों की बेहतरी की व्यवस्था की जाएगी जिससे कि वे अधिक दक्ष और पारिस्थितिकी अनुकूल बन सकें।

(5) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भू-जल के प्रबंधन, मृदा और नमी के संरक्षण, स्थानीय जनता की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण के ऐसे अन्य पहलुओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, की व्यवस्था की जाएगी ।

(6) आंचलिक महायोजना में सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और शहरी बस्तियों, वनों के प्रकारों और किस्मों, आदिवासी क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, उद्यानों एवं उद्यानों की तरह के हरित क्षेत्रों, बागवानी क्षेत्रों, बगीचों, झीलों, नमभूमियों और अन्य जल निकायों की सीमा का निर्धारण किया जाएगा तथा सहायक मानचित्र भी दिया जाएगा। इस महा-योजना से संबंधित सहायक मानचित्र में विद्यमान और प्रस्तावित भूमि के उपयोग की विशेषताओं का ब्यौरा दिया जाएगा।

(7) आंचलिक महायोजना के अंतर्गत पारिस्थितिकी संवेदी जोन में विकास को विनियमित किया जाएगा और सारणी में सूचीबद्ध प्रतिषिद्ध, विनियमित क्रियाकलापों का पालन किया जाएगा तथा स्थानीय समुदायों की आजीविका सुरक्षा के लिए, पारिस्थितिकी अनुकूल विकास सुनिश्चित तथा संवर्धित किया जाएगा।

(8) आंचलिक महायोजना क्षेत्रीय विकास योजना की सह विस्तारी होगी ।

(9) इस प्रकार अनुमोदित आंचलिक महायोजना मॉनीटरी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज होगी जिसमें इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार उसके कृत्यों के निर्वहन का विवरण होगा ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय--** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:--

(1) **भू-उपयोग –** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, आमोद-प्रमोद के प्रयोजन के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का वृहद वाणिज्यिक या वृहद आवासीय परिसरों संबंधी औद्योगिक क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा:

(ख) परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भाग (क) में विनिर्दिष्ट प्रयोजन से भिन्न प्रयोजन के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन, मानीटरी समिति की सिफारिश पर और यथा लागू और क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम तथा केन्द्रीय/राज्य सरकार के अन्य नियमों तथा विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से, तथा इस अधिसूचना के उपबंधों द्वारा स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, जैसे कि:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना और नई सड़कों का संनिर्माण;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग,

(iv) कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग हैं; सुविधाजनक भण्डार और स्थानीय सुख-सुविधाओं जो पारिस्थितिकी पर्यटन में सहायक हैं जिसमें ग्रह वास सम्मिलित है;और

(v) संवर्धित क्रियाकलाप और पैरा 4 में वर्णित क्रियाकलाप:

(ग) परंतु यह भी कि राज्य सरकार के अन्य प्रासंगिक नियमों, विनियमों एवं क्षेत्रीय शहरी नियोजन अधिनियम के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना तथा संविधान के अनुच्छेद 244 के उपबंधों तथा तत्समय प्रवृत्त विधि, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2)

भी है, के अनुपालन के बिना वाणिज्यिक या औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि के उपयोग की अनुमति नहीं होगी:

(घ) परंतु यह भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर की भूमि के अभिलेखों में उत्पन्न किसी त्रुटि की, निगरानी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात्, राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार शुद्धि की जाएगी और उक्त त्रुटि के शुद्धिकरण की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी ।

(ड.) परंतु यह भी कि उपर्युक्त त्रुटि के शुद्धिकरण में, इस उप-पैरा में यथा उपबंधित के सिवाय, किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा ।

(च) अनुप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण तथा पर्यावासों की बहाली के प्रयास किए जाएंगे ।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोत** - आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्रोतों/नदियों/ जलमार्गों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और बहाली की योजना सम्मिलित की जाएगी ।

(3) **पर्यटन/पारिस्थितिकी पर्यटन –** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पारिस्थितिकी संवेदी जोन संबंधी पर्यटन महायोजना के अनुसार होगा।

(ख) पारिस्थितिकी पर्यटन महायोजना पर्यटन विभाग द्वारा राज्य के पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से तैयार होगी ।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना का एक घटक होगी ।

(घ) पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नानुसार विनियमित किए जाएंगे, अर्थात् :-

(i) वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, किसी होटल या रिजॉर्ट का नया सन्निर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। तथापि, नए होटलों और रिजॉटों की स्थापना, पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक पर्यटन महायोजना के अनुसार, पूर्व परिभाषित एवं अभीहित क्षेत्रों में ही अनुज्ञात की जाएगी।

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अन्दर सभी नए पर्यटन क्रिया-कलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी मार्गदर्शी सिद्धांतों तथा पारिस्थितिकी पर्यटन पर बल देते हुए राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी पारिस्थितिकी पर्यटन मार्गदर्शी सिद्धांतों (समय-समय पर यथा संशोधित) के अनुसार होगा ।

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा निगरानी समिति की सिफारिश के आधार पर संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन में कोई नया होटल/रिजोर्ट या वाणिज्यिक प्रतिष्ठान का संन्निर्माण अनुज्ञात नहीं होगा।

(4) **प्राकृतिक विरासत –** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में बहुमूल्य प्राकृतिक विरासत के सभी स्थलों जैसे कि सभी जीन पूल रिजर्व क्षेत्र, शैल संरचना, जल प्रपात, झरने, दर्रे, उपवन, गुफाएं, स्थल, वनपथ, रोहण मार्ग, उत्प्रपात आदि की पहचान की जाएगी और उन्हें संरक्षित किया जाएगा उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण की उपयुक्त योजना बनायी जाएगी और ऐसी योजना आंचलिक महायोजना का भाग होगी ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल -** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, कृत्रिम क्षेत्रों, तथा ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण की योजनाएं तैयार की जाएंगी तथा उन्हें आंचलिक महायोजना में शामिल किया जाएगा।

(6) **ध्वनि प्रदूषण** -- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण, पर्यावरणीय (संरक्षण) अधिनियम, 1986, के अधीन बनाए गए ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 के अनुसार किया जाएगा।

(7) **वायु प्रदूषण** -- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वायु प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण, वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) के उपबंधों और उसके अधीन बनाए गए नियमों और उनमें किए गए संशोधनों के अनुसार किया जाएगा।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण** - पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अन्तर्गत शामिल किए गए पर्यावरणीय प्रदूषण के निस्सारण संबंधी साधारण मानकों या राज्य सरकार द्वारा नियत मानकों, जो भी अधिक कठोर हो, के अनुसार किया जाएगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट -** ठोस अपशिष्ट का निपटान निम्नानुसार किया जाएगा: -

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ), दिनांक 8 अप्रैल, 2016 के तहत प्रकाशित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा। गैर-जैविक पदार्थों का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन से बाहर चिन्हित किए गए स्थान पर पर्यावरण-अनुकूल रीति से किया जाएगा;

(ख) पारिस्थितिकी संवदी जोन के भीतर मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जा सकता है।

(10) **जैव चिकित्सा अपशिष्ट**- जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन निम्नलिखित रूप में होगा ।

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय –समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 343 (अ), तारीख 28 मार्च, 2016 के तहत प्रकाशित जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(ख) पारिस्थितिकी संवदी जोन के भीतर मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप जैव-चिकित्सा अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल प्रंबंधन अनुज्ञात किया जा सकता है।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन: -** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 के तहत प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन: -** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 के तहत प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(13) **ई–अपशिष्ट:-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित समय- समय पर संशोधित ई–अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **वाहन-यातायात: -** वाहन-यातायत का संचलन आवास-अनुकूल तरीके से विनियमित किया जाएगा और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध शामिल किए जाएंगे तथा आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किए जाने तक, निगरानी समिति प्रासंगिक अधिनियमों और उनके तहत बनाए गए नियमों एवं विनियमों के अनुसार वाहनों की आवाजाही के अनुपालन की निगरानी करेगी।

(15) **वाहन जनित प्रदूषण:-** वाहन प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण लागू विधियों के अनुसार किया जाएगा। स्वच्छतर ईंधन उदाहरण के लिए सीएनजी, एलपीजी आदि के उपयोग के प्रयास किए जाएंगे ।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां: -** (i) सरकारी राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख को या उसके बाद पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर किन्ही नए प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ii) जब तक कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो। पारिस्थितिकी संवेदी जोन में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी दिशानिर्देशों में किए गए उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार केवल गैर-केवल अप्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना की अनुमति दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों का संरक्षण: -** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार किया जाएगा:

(क) आंचलिक महायोजना में पहाड़ी ढलानों के उन क्षेत्रों को दर्शाया जाएगा जहां किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं होगी ।

(ख) जिन ढलानों विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों या ढलानों में अत्यधिक भू-क्षरण होता है, उनमें किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(18) केन्द्र सरकार और राज्य सरकार, यदि आवश्यक समझें तो, इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए, अन्य उपाय विनिर्दिष्ट करेंगी।

4. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध या विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची - पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों और तटीय विनियमन जोन (सीआरजेड), 2011 और पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) अधिसूचना, 2006 और वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 के 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) के उपबंधों तथा उनमें किए गए संशोधनों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति से विनियमित होंगे, अर्थात् :--

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	विवरण
(1)	(2)	(3)
	क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन ।	(क) स्थानीय निवासियों की वास्तविक घरेलू आवश्यकताओं, जिनमें घर के निर्माण या मरम्मत के लिए जमीन की खुदाई और मकान बनाने एवं अन्य क्रियाकलापों के लिए देशी टाइलें या ईटें बनाना शामिल है, को छोडकर सभी नई और वर्तमान (लघु एवं वृहद खनिज) पत्थर खोदने एवं तोडने वाली ईकाइयां तत्काल प्रभाव से निषिद्ध की जाती है ; (ख) खनन क्रियाकलाप, टी.एन. गोदावर्मन थिरूमलपाद बनाम भारत संघ के मामले में वर्ष 1995 की रिट याचिका (सी) सं. 202 में दिनांक 4 अगस्त, 2006 तथा गोवा फाउंडेशन बनाम भारत संघ के मामले में वर्ष 2012 की रिट याचिका(सी) सं. 435 में दिनांक 21 अप्रैल, 2014 के माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसरण में किए जाएंगे।
2.	प्रदूषण (जल, वायु, मृदा, ध्वनि आदि) उत्पन्न करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में नए उद्योग लगाने और वर्तमान प्रदूषणकारी उद्योगों का विस्तार करने की अनुज्ञा नहीं होगी। जब तक कि इस प्रकार अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, फरवरी, 2016 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशानिर्देशों में किए गए उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर केवल गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों की अनुज्ञा दी जाएगी। इसके अतिरिक्त गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जाएगा।
3.	बडी जल विद्युत परियोजना की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थ का प्रयोग या उत्पादन या प्रसंस्करण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या भूमि क्षेत्र में अनुपचारित बहिस्रावों का निस्सारण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
6.	ठोस अपशिष्ट के निपटान- स्थल और ठोस एवं जैव चिकित्सा अपशिष्ट के लिए साझा भष्मीकरण की सुविधा ।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट के किसी नए ठोस अपशिष्ट निपटान स्थल और अपशिष्ट उपचारत/प्रसंस्करण सुविधा की अनुमति नहीं है इसके अतिरिक्त औद्योगिक प्रक्रिया और स्वास्थ्य प्रतिष्ठानों अस्पतालों आदि से उत्पन्न किसी भी ठोस अपशिष्ट के उपचार के लिए सामान्य या व्यक्तिगत भष्मीकरण की सुविधा का संस्थापन प्रतिषिद्ध होगा ।
7.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितकी संवेदी जोन के भीतर नई आरा मिल स्थापित करना और विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
8.	ईंट भट्ठों की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।

ख. विनियमित क्रियाकलाप		
9.	होटलों और रिजॉर्टों की वाणिज्यिक स्थापना।	पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों हेतु लघु अस्थायी संरचनाओं के निर्माण के सिवाय संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, नए वाणिज्यिक होटल और रिसोर्ट अनुज्ञात नही होंगे। परंतु, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से 1 किलोमीटर के बाहर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना और लागू दिशानिर्देशों के अनुरूप होगा।
10.	संनिर्माण क्रियाकलाप।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, किसी भी प्रकार का नया वाणिज्यिक संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु स्थानीय निवासियों की आवास सम्बन्धी निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्थानीय लोगों को, पैरा 6 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित अपने प्रयोग के लिए, अपनी भूमि में भवन उप-विधियों के अनुसार संनिर्माण करने की अनुमति दी जाएगी जैसे कि :- (i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना और नई सड़कों का संनिर्माण; (ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण; (iii) फरवरी, 2016 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा किए गए वर्गीकरण के अनुसार गैर- प्रदूषणकारी लघु उद्योग; (iv) ग्रामीण उद्योगों सहित कुटीर उद्योग, सुविधा भण्डार और ग्रहवास सहित पारिस्थितिकी पर्यटन में सहायक स्थानीय सुविधाएं हैं; और (v) इस अधिसूचना में सूचीबद्ध बढावा दिए गए क्रियाकलाप। परन्तु लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से ऐसे लघु उद्योगों, जो प्रदूषण उत्पन्न नहीं करते हैं, से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप विनियमित किए जाएंगे और वे न्यूनतम होंगे। (ख) एक किलोमीटर से आगे ये आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे।
11.	गैर प्रदूषणकारी लघु उद्योग।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग तथा अपरिसंकटमय लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, बागबानी या कृषि आधारित उद्योग, जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन से देशी सामग्रियों से उत्पाद बनाते हैं, सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
12.	फर्मों, कारपोरेट, कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन संपदा और कुक्कुट फार्मों की स्थापना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
13.	वृक्षों की कटाई।	(क) राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन भूमि या सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर वृक्षों की कटाई नहीं होगी। (ख) वृक्षों की कटाई केंद्रीय या संबंधित राज्य के अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार विनियमित होगी।
14.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों (एनटीएफपी) का संग्रहण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा।

15.	विद्युत और संचार टॉवर लगाने तार-बिछाने एवं अन्य बुनियादी ढांचे की व्यवस्था ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा । भूमिगत केबल बिछाने को बढ़ावा दिया जाएगा।
16.	नागरिक सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचा।	इसकी व्यवस्था लागू विधियों, नियमों, विनियमों और मौंजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार उपशमन उपायों के साथ की जाएगी।
17.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ बनाना और नई सड़कों का निर्माण ।	लागू विधियों, नियमों, विनियमों और मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार उपशमन उपायों के साथ किया जाएगा।
18.	पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलाप जैसे कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से गर्म वायु के गुब्बारे, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइट्स आदि को उडाना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
19.	पर्वतीय ढ़लानों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
20.	रात्रि में वाहन यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होगा ।
21.	स्थानीय जनता द्वारा अपनायी जा रही वर्तमान कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ डेयरियां, दुग्ध उत्पादन, जल कृषि और मत्स्य पालन।	स्थानीय जनता के प्रयोग के लिए लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होगा ।
22.	प्राकृतिक जल निकायों या भू क्षेत्र में उपचारित/अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव का निस्सारण ।	जल निकायों में उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव के निस्सारण से बचा जाएगा। उपचारित अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और पुन:उपयोग के प्रयास किए जाएंगे अन्यथा उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव का निस्सारण लागू विधियों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।
23.	सतही और भूजल का वाणिज्यिक निष्कर्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
24.	कृषि या अन्य उपयोग के लिए खुले कुएं/ बोर कुएं आदि का निर्माण ।	समुचित प्राधिकारी द्वारा विनियमित किया जाएगा तथा क्रियाकलाप की सख्त निगरानी की जाएगी।
25.	ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
26.	विदेशी प्रजातियों को लाना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
27.	पारिस्थितिकी पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
28.	पोलिथीन बैगों का प्रयोग ।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर पॉलिथीन बैग के उपयोग की अनुमति होगी परन्तु यह विशिष्ट आवश्यकता के आधार पर लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
29.	वाणिज्यिक संकेत बोर्ड और होर्डिंग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
बढ़ावा दिए जाने वाले क्रियाकलाप		
30.	वर्षा जल संचयन ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
31.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
32.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी का अंगीकरण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
33.	ग्रामीण कारीगरी सहित कुटीर उद्योग।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
34.	नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का प्रयोग ।	बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को बढ़ावा दिया जाएगा।
35.	कृषि वानिकी ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
36.	पारिस्थितिकी अनुकूल यातायात का प्रयोग ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
37.	कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

38.	अवक्रमित भूमि/वनों या वास-स्थलों की बहाली।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
39.	पर्यावरणीय जागरुकता।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।

5. पारिस्थितिकी संवेदी जोन मानीटरी समिति- केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पारिस्थितिकी संवेदी जोन की प्रभावी निगरानी के लिए निम्नलिखित को शामिल करके एक मानीटरी समिति गठित करती है: --

(क) संबंधित जिलों का जिला मजिस्ट्रेट (रुद्रप्रयाग या चमोली, यथास्थति) -अध्यक्ष;

(ख) उत्तराखंड के वन विभाग द्वारा नामांकित एक प्रतिनिधि -सदस्य;

(ग) वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में काम कर रहे गैर-सरकारी संगठन का उत्तराखंड राज्य द्वारा नामित एक प्रतिनिधि -सदस्य;

(घ) क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तराखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड – सदस्य;

(ङ) एक जैव विविधता विशेषज्ञ -सदस्य;

(च) उत्तराखंड राज्य के प्रतिष्ठित संस्थान या विश्वविद्यालय से पारिस्थितिक का एक विशेषज्ञ –सदस्य;

(छ) वन्यजीव अभयारण्य के रेंज अधिकारी -सदस्य;

(ज) वन्यजीव अभयारण्य के वन्यजीव वार्डन -सदस्य;

(झ) उप वन संरक्षक (केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य के प्रभारी अधिकारी) -सदस्य सचिव।

6.विचारार्थ विषय:-

(1) निगरानी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन की निगरानी करेगी।

(2) निगरानी समिति का कार्यकाल तीन वर्ष तक या राज्य सरकार द्वारा नई समिति का पुन: गठन किये जाने तक होगा और बाद में निगरानी समिति राज्य सरकार द्वारा गठित की जाएगी।

(3) निगरानी समिति वास्तविक विशिष्ट स्थल दशाओं के आधार पर उन क्रियाकलापों की संविक्षा करेगी भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची और पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा में आते है। इनमें वे क्रियाकलाप शामिल नहीं है जों इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट हैं तथा जिन्हें केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण स्वीकृति के लिए भेजा गया है।

(4) वें क्रियाकलाप, जो भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची के अधीन नहीं आते हों, परंतु जो पारिस्थितिक संवेदी जोन में आते हैं, उनकी, इस अधिसूचना के पैरा -4 में दी गई सारणी में यथा विनिदिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, वास्तविक स्थल विशिष्ट दशाओं के आधार पर मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उन्हें संबंधित विनियामक प्राधिकरणों को भेजा जाएगा।

(5) निगरानी समिति का सदस्य-सचिव या संबंधित आयुक्त इस अधिसूचना के उपबंधों का उल्लंघन करने वाले किसी व्यक्ति के विरुद्ध पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अंतर्गत शिकायत दर्ज करने के लिए सक्षम होगा।

(6) निगरानी समिति प्रत्येक मामले में आवश्यकताओं के आधार पर संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संघों के प्रतिनिधियों या संबंधित पक्षों धारियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी।

(7) निगरानी समिति प्रत्येक वर्ष 31 मार्च की स्थिति के अनुसार अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को, **उपाबंध III** में दिए गए प्रपत्र के अनुसार, उस वर्ष की 30 जून तक प्रस्तुत करेगी।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय निगरानी समिति को उसके कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए समय-समय पर ऐसे निदेश दे सकेगा जो वह ठीक समझे।

7. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार, अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेगी ।

8. इस अधिसूचना के उपबंध भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पारित किए गए या पारित किए जाने वाले किसी आदेश, यदि कोई हो, के अधीन होंगे ।

[फा. सं. 25/06/2017-ईएसजेड]

ललित कपूर, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध ।

पारिस्थितिकी संवेदी जोन के केदारनाथ कस्तूरी मृग का मानचित्र और भू-मंडलीय स्थिति प्रणाली बिंदुओं की सीमा



पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण

उत्तरी सीमा – इसकी सीमा भीलांगना नदी से आरंभ होकर, कथलिंग गलेशियर चौकी के निकट कथलिंग गलेशियर चौकी से होते हुए जाती है, इसके बाद केदारनाथ शिखर के साथ, इसके बाद मल्लया शिखर के साथ, इसके बाद सूमेरू शिखर के साथ, इसके बाद मदनी शिखर के साथ, इसके बाद बद्रीनाथ शिखर और चौम्बा के बीच, इसके बाद सतोपंत झील के साथ, इसके बाद खिलौरी गलेशियर के साथ विष्णुगढ़ रिज तक जाती है।

पूर्वी सीमा- खिलौरी गलेशियर से आरंभ होकर, कल्पगंगा नदी से होते हुए, उरगम चाक के निकट, इसके बाद कल्पगंगा नदी के साथ, इसके बाद जखोला ग्राम के साथ, इसके बाद मंदाकिनी नदी और अलकनंदा नदी के संगम के साथ, इसके बाद बिराही के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 58 तक जाती है।

दक्षिणी सीमा - बिराही के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 58 से आरंभ होकर, इसके बाद माइकोट-बेमरू मोटर सड़क के निकट साइजी लंगा के साथ, इसके बाद गोपेश्वर-घीनगरन मोटर सड़क के निकट से होते हुए, फिर रूद्रनाथ ट्रैक मार्ग के गंगोल ग्राम के निकट से होते हुए, इसके बाद गोपेश्वर- मंडल मोटर सड़क के निकट और दवलधार ग्राम के ऊपर से होते हुए, इसके बाद अमृतगंगा नदी के निकट से होते हुए, इसके बाद बमीयानाधर, तलधर और कूजनी ग्राम के निकट से होते हुए, इसके बाद नीगोलदी के निकट से होते हुए, इसके बाद गुलाम नाला के ऊपर से होते हुए, इसके बाद रक्सिधर के साथ, इसके बाद रक्सिधर के फूट के साथ, इसके बाद नंगपुरा रीज के उत्तर के साथ होते हुए, इसके बाद कक्दगद सहायक नदी के निकट घेर नाला के उत्तरी छोर के साथ, इसके बाद कक्दगद से होते हुए, सिंगदगद से दक्षिण और उखिमथ-चौपटा मोटर सड़क के साथ होते हुए जाती है, इसके बाद चन्नीधर के निकट से होते हुए, इसके बाद कयासगढ़ के साथ, इसके बाद मध्यमहेश्वर नदी के साथ, इसके बाद मधुगंगा नदी और मंदाकिनी नदी के संगम के उत्तर से होते हुए, इसके बाद जग्गी-बगवनधर के साथ, इसके बाद कलीगंगा नदी के निकट से होते हुए, इसके बाद मंदाकिनी नदी के निकट से होते हुए, इसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग सं.109 के निकट से होते हुए, इसके बाद बसुकीगंगा के दक्षिण से होते हुए, इसके बाद सोनप्रयाग- त्रियूगीनारायण मोटर सड़क के साथ, इसके बाद शेरसी नाला के साथ, इसके बाद बलरीगढ़ के मुहाने के निकट लास्टरगढ़ तक जाती है।

पश्चिमी सीमा- लास्टरगढ़ से आरंभ होकर, इसके बाद भीलांगना नदी और कालखंद नदी के संगम से होते हुए, इसके बाद डोकरीगढ़ के साथ भीलांगना नदी तक जाती है।

केदारनाथ कस्तूरी मृग अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विभिन्न बिंदुओं के जीपीएस निर्देशांक

बिंदु	देशांतर	अक्षांश	विवरण
ई01	78° 57' 31.972" पू	30° 47' 48.926" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई02	79° 1' 38.469" पू	30° 47' 50.906" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई03	79° 4' 5.348" पू	30° 47' 53.686" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई04	79° 17' 26.661" पू	30° 44' 58.107" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई05	79° 21' 11.036" पू	30° 43' 21.385" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई06	79° 24' 46.140" पू	30° 39' 26.887" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई07	79° 25' 52.709" पू	30° 35' 55.734" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई08	79° 27' 20.301" पू	30° 32' 46.007" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई09	79° 28' 8.153" पू	30° 30' 28.975" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई10	79° 25' 51.461" पू	30° 27' 49.296" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई11	79° 23' 24.802" पू	30° 24' 43.733" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई12	79° 21' 8.954" पू	30° 26' 9.823" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई13	79° 19' 19.749" पू	30° 24' 53.345" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई14	79° 19' 3.988" पू	30° 25' 48.406" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई15	79° 18' 1.049" पू	30° 26' 13.574" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई16	79° 16' 19.066" पू	30° 26' 36.330" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई17	79° 15' 29.996" पू	30° 25' 31.126" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई18	79° 14' 32.252" पू	30° 26' 31.736" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई19	79° 12' 34.346" पू	30° 27' 4.252" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई20	79° 12' 11.102" पू	30° 25' 5.074" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई21	79° 10' 25.947" पू	30° 24' 57.536" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क

ई22	79° 10' 4.566" पू	30° 26' 47.112" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई23	79° 5' 56.140" पू	30° 26' 57.275" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई24	79° 7' 29.341" पू	30° 29' 15.047" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई25	79° 8' 42.662" पू	30° 29' 38.497" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई26	79° 9' 37.496" पू	30° 30' 18.376" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई27	79° 5' 55.821" पू	30° 30' 30.295" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई28	79° 6' 11.339" पू	30° 31' 53.933" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई29	79° 8' 10.798" पू	30° 32' 53.015" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई30	79° 7' 48.851" पू	30° 33' 53.993" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई31	79° 6' 38.695" पू	30° 32' 42.124" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई32	79° 6' 0.919" पू	30° 33' 12.019" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई33	79° 5' 20.316" पू	30° 33' 42.000" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई34	79° 4' 52.187" पू	30° 33' 16.950" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई35	79° 3' 36.752" पू	30° 34' 11.639" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई36	79° 1' 31.431" पू	30° 34' 58.838" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई37	79° 1' 23.892" पू	30° 36' 17.903" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई38	78° 59' 50.008" पू	30° 38' 5.150" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई39	78° 59' 25.584" पू	30° 37' 29.706" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई40	79° 0' 49.671" पू	30° 35' 57.558" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई41	78° 58' 13.529" पू	30° 34' 52.051" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई42	78° 55' 24.238" पू	30° 34' 31.748" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई43	78° 53' 54.371" पू	30° 36' 48.053" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई44	78° 51' 40.145" पू	30° 37' 56.892" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई45	78° 51' 9.212" पू	30° 39' 33.803" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई46	78° 51' 59.234" पू	30° 41' 53.878" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई47	78° 54' 6.880" पू	30° 44' 43.344" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई48	78° 56' 5.057" पू	30° 46' 14.087" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई49	78° 57' 10.841" पू	30° 47' 6.198" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई50	79° 4' 16.639" पू	30° 37' 1.169" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई51	79° 5' 55.516" पू	30° 36' 49.488" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई52	79° 8' 38.539" पू	30° 35' 31.474" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई53	79° 9' 26.401" पू	30° 35' 36.637" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई54	79° 9' 55.174" पू	30° 36' 29.462" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई55	79° 11' 21.408" पू	30° 36' 27.381" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई56	79° 10' 31.256" पू	30° 30' 18.023" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई57	79° 10' 14.398" पू	30° 32' 52.515" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
ई58	79° 6' 28.162" पू	30° 34' 1.950" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - क
जेडसी01	79° 1' 23.093" पू	30° 45' 48.339" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - ख
जेडसी 02	79° 3' 6.747" पू	30° 45' 50.221" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - ख
जेडसी 03	79° 4' 28.259" पू	30° 45' 52.815" उ	पारिस्थितिकी संवेदी जोन - ख

डब्लू01	78° 54' 39.122" पू	30° 37' 47.366" उ	केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य
डब्लू02	78° 55' 3.943" पू	30° 42' 3.593" उ	केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य
डब्लू03	79° 1' 11.471" पू	30° 45' 1.559" उ	केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य
डब्लू04	79° 4' 1.609" पू	30° 42' 33.778" उ	केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य
डब्लू05	79° 5' 33.039" पू	30° 46' 32.865" उ	केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य
डब्लू06	79° 8' 39.008" पू	30° 44' 55.018" उ	केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य
डब्लू07	79° 14' 36.211" पू	30° 43' 57.587" उ	केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य
डब्लू08	79° 18' 17.219" पू	30° 40' 43.705" उ	केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य
डब्लू09	79° 22' 12.594" पू	30° 39' 9.810" उ	केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य
डब्लू10	79° 24' 11.520" पू	30° 35' 37.162" उ	केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य
डब्लू11	79° 23' 24.526" पू	30° 32' 49.002" उ	केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य
डब्लू12	79° 26' 35.696" पू	30° 30' 12.100" उ	केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य
डब्लू13	79° 22' 5.261" पू	30° 30' 22.892" उ	केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य
डब्लू14	79° 24' 46.832" पू	30° 28' 33.917" उ	केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य
डब्लू15	79° 23' 26.207" पू	30° 26' 13.945" उ	केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य
डब्लू16	79° 20' 47.774" पू	30° 26' 37.802" उ	केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य
डब्लू17	79° 19' 19.718" पू	30° 26' 53.434" उ	केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य
डब्लू18	79° 16' 48.889" पू	30° 27' 34.355" उ	केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य
डब्लू19	79° 17' 6.925" पू	30° 29' 9.035" उ	केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य
डब्लू20	79° 13' 12.050" पू	30° 28' 7.378" उ	केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य
डब्लू21	79° 9' 49.460" पू	30° 30' 18.367" उ	केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य
डब्लू22	79° 8' 40.704" पू	30° 31' 38.359" उ	केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य
डब्लू23	79° 6' 10.627" पू	30° 31' 42.638" उ	केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य
डब्लू24	79° 9' 11.786" पू	30° 32' 14.302" उ	केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य
डब्लू25	79° 8' 30.959" पू	30° 34' 36.955" उ	केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य
डब्लू26	79° 6' 44.755" पू	30° 34' 45.343" उ	केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य
डब्लू27	79° 4' 41.293" पू	30° 36' 13.010" उ	केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य
डब्लू28	79° 4' 47.179" पू	30° 33' 58.050" उ	केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य
डब्लू29	79° 2' 20.936" पू	30° 35' 40.175" उ	केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य
डब्लू30	79° 0' 40.723" पू	30° 37' 34.435" उ	केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य
डब्लू31	78° 58' 4.562" पू	30° 38' 21.300" उ	केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य
डब्लू32	78° 56' 47.918" पू	30° 35' 22.970" उ	केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य

केदारनाथ कस्तूरी मृग अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन के चार मुख्य उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम निर्देशांक

बिंदु	देशांतर	अक्षांश	विवरण
ई22	79° 10' 4.566" पू	30° 26' 47.112" उ	3076
ई03	79° 4' 5.348" पू	30° 47' 53.686" उ	6940
ई05	79° 21' 11.036" पू	30° 43' 21.385" उ	5815
ई44	78° 51' 40.145" पू	30° 37' 56.892" उ	कंजूल गढ़ के साथ कालखंद गड़ का जंक्शन

उपाबंध – II

ग्रामों की सूची-

बिंदु	ग्राम	देशांतर	अक्षांश	विवरण
वी1	अनसुया देवी	79° 17' 11.499" पू	30° 28' 47.544" उ	जोन-क
वी2	बनीयाकुंद चट्टी	79° 11' 12.733" पू	30° 28' 59.980" उ	जोन-क
वी3	बरसाल	79° 6' 26.527" पू	30° 31' 43.913" उ	जोन-क
वी4	बयंसार	79° 8' 59.887" पू	30° 35' 43.421" उ	सिविल भूमि
वी5	भेकालटा	79° 9' 9.882" पू	30° 33' 2.213" उ	जोन-क
वी6	भुल्काना चट्टी (खंडहर में)	79° 12' 42.148" पू	30° 28' 40.784" उ	जोन-क
वी7	बुनी	79° 5' 33.273" पू	30° 36' 41.482" उ	सिविल भूमि
वी8	चारीअकहोर	79° 10' 17.467" पू	30° 28' 12.827" उ	जोन-क
वी9	चाउकी	79° 6' 35.101" पू	30° 34' 16.251" उ	सिविल भूमि
वी10	चाउकी	78° 57' 34.369" पू	30° 47' 18.781" उ	जोन-क
वी11	चायमसी	79° 4' 28.515" पू	30° 36' 47.503" उ	सिविल भूमि
वी12	चीलोंद	79° 5' 8.922" पू	30° 36' 17.931" उ	सिविल भूमि
वी13	चोपता चट्टी	79° 11' 52.032" पू	30° 28' 56.725" उ	जोन-क
वी14	धरसु	79° 10' 25.278" पू	30° 32' 31.556" उ	सिविल भूमि
वी15	दील्मी	79° 8' 48.558" पू	30° 29' 12.131" उ	जोन-क
वी16	दोनी	79° 7' 15.404" पू	30° 34' 45.240" उ	जोन-क
वी17	गगदू	79° 9' 5.877" पू	30° 32' 33.636" उ	जोन-क
वी18	गरयर चट्टी	79° 4' 2.755" पू	30° 42' 47.803" उ	जोन-ख
वी19	गअदर	79° 10' 54.182" पू	30° 36' 11.215" उ	सिविल भूमि
वी20	कलगोट	79° 24' 59.975" पू	30° 31' 0.472" उ	जोन-क
वी21	कंदरा	79° 8' 12.440" पू	30° 34' 46.698" उ	जोन-क
वी22	केदारनाथ	79° 4' 4.414" पू	30° 44' 1.980" उ	जोन-ख
वी23	कोट	79° 10' 9.522" पू	30° 32' 47.216" उ	सिविल भूमि
वी24	कोटमा	79° 10' 3.646" पू	30° 36' 19.766" उ	सिविल भूमि
वी25	लोल्छारा	79° 3' 18.313" पू	30° 35' 27.241" उ	सिविल भूमि
वी26	मकोदा	79° 10' 25.492" पू	30° 36' 17.677" उ	सिविल भूमि
वी27	मल्लाटोली	79° 6' 41.912" पू	30° 34' 2.452" उ	सिविल भूमि
वी28	मंडल	79° 16' 15.792" पू	30° 27' 53.424" उ	जोन-क
वी29	मंझेरा	79° 4' 23.545" पू	30° 35' 1.031" उ	जोन-क
वी30	पंगरवसा चट्टी (खंडहर में)	79° 13' 49.082" पू	30° 27' 53.116" उ	जोन-क
वी31	पंगटोली	79° 24' 20.276" पू	30° 30' 33.833" उ	जोन-क
वी32	रइल	79° 2' 21.813" पू	30° 35' 24.868" उ	सिविल भूमि
वी33	रांसी	79° 8' 35.142" पू	30° 35' 14.253" उ	सिविल भूमि
वी34	सोनाली	79° 10' 5.209" पू	30° 32' 37.998" उ	सिविल भूमि
वी35	सोंपरयाग	79° 0' 1.752" पू	30° 38' 1.209" उ	जोन-क
वी36	सुरींदी	79° 24' 55.346" पू	30° 28' 24.416" उ	जोन-क
वी37	सयाल्नी	79° 10' 34.921" पू	30° 30' 26.566" उ	सिविल भूमि
वी38	सयअन	79° 25' 5.787" पू	30° 29' 40.262" उ	जोन-क
वी39	तोसही	78° 57' 58.288" पू	30° 40' 27.721" उ	सिविल भूमि

उपाबंध-III

पारिस्थितिकी संवेदी जोन की निगरानी समिति - की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का प्रपत्र

1. बैठकों की संख्या और तारीख ।
2. बैठकों का कार्यवृत : कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें । बैठक के कार्यवृत को एक पृथक उपाबंध में प्रस्तुत करें ।
3. पर्यटन महायोजना सहित आंचलिक महायोजना की तैयारी की स्थिति ।
4. भू-अभिलेखों की स्पष्ट त्रुटियों के सुधार के लिए निबटाए गए मामलों का सार। विवरण उपाबंध के रुप में संलग्न करें।
5. पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाली गतिविधियों से संबंधित संवीक्षा किए गए मामलों का सार । विवरण एक पृथक उपाबंध के रूप में संलग्न करें ।
6. पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली गतिविधियों से संबंधित संवीक्षा किए गए मामलों का सार । विवरण एक पृथक उपाबंध के रूप में संलग्न करें ।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सार ।
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण मामला ।

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the13th December, 2017

S.O. 3880(E).—The following draft of the notification, which the Central Government proposes to issue in exercise of the powers conferred by sub-section (1), read with clause (v) and clause (xiv) of sub-section (2) and sub-section (3) of section 3 of the Environment (Protection) Act, 1986 (29 of 1986) is hereby published, as required under sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986, for the information of the public likely to be affected thereby; and notice is hereby given that the said draft notification shall be taken into consideration on or after the expiry of a period of sixty days from the date on which copies of the Gazette containing this notification are made available to the Public;

Any person interested in making any objections or suggestions on the proposals contained in the draft notification may forward the same in writing, for consideration of the Central Government within the period so specified to the Secretary, Ministry of Environment, Forest and Climate Change, Indira Paryavaran Bhawan, Jorbagh Road, Aliganj, New Delhi-110 003, or send it to the e-mail address of the Ministry at: - esz-mef@nic.in

Draft Notification

WHEREAS, the with the prime objective of long term protection and conservation of Musk Deer and other rare, endangered and valuable biological diversity, a total of 975.2 sq. Km of forest area spread over Chamoli and Rudraprayag Districts of the then Uttar Pradesh (now Uttarakhand) was declared as Kedarnath Musk Deer Sanctuary vide Government Order No. 14/14-3 dated January 21st, 1972;

AND WHEREAS, the forests of Kedarnath Musk Deer Sanctuary comprises of, 9 Sub-tropical Pine Forest, 12 Himalayan Moist Temperate Forest, 14 Sub Alpine Forest, 15 Moist Alpine Scrub forest types according to the Champion and Seth Forest Types of India and it supports rich floral and faunal diversity, is a contributory catchment of important rivers like Alaknanda, Mandakini, Kali, Madhuganga, Biera, Balasuti and Maina rivers, the upper Ganges river valley, and thus plays an important role in recharging the water table of region;

AND WHEREAS, putting restriction on such human activities over the area that is in immediate vicinity of the Sanctuary is necessary for better protection and conservation of the biological wealth of the Sanctuary;

